PRESS MONITOR

**Rajasthan Patrika, Delhi**
**Saturday, 7th August 2021; Page: 3**
**Width: 5.60 cms; Height: 14.58 cms; a4; ID: 32.2021-08-07.43**

# जीएसटी के लिए नई प्रणाली शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चंडीगढ़. हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आबकारी एवं कराधान विभाग को भविष्य में आधुनिक तकनीक से अपडेट रखा जाएगा, जिससे न केवल जीएसटी से प्राप्त राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि टैक्स देने वालों को बेहतर सेवाएं दी जा सकेंगी।

डिप्टी सीएम ने यह बात चंडीगढ़ में जीएसटी के 'मॉडल-2' कार्यान्वयन की नई प्रणाली के उद्घाटन के बाद कही। उन्होंने मॉडल तैयार करने वाली आईटी टीम व अधिकारियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 'जीएसटी मॉडल-1' बदलकर 'मॉडल-2' की नई प्रणाली में परिवर्तित से विभाग का कामकाज पहले की तुलना में अधिक आधुनिक, तेज और बेहतर डेटा गुणवत्ता वाला बन गया है।